प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 01.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह दंतेवाड़ा जिले में आयोजित बस्तर पंडुम महोत्सव के पांच अप्रैल को होने वाले समापन समारोह में शामिल होंगे।

2– देश में वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या बारह से घटकर छह हो गई है।

3– राज्य में आज से पेट्रोल एक रूपए प्रतिलीटर सस्ता हुआ।

4– प्रदेश में कल से कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना।

**समाचार विस्तार से .....**

**<u>बस्तर–पण्डुम</u>**

दंतेवाड़ा जिले में आयोजित किए जा रहे बस्तर पंडुम महोत्सव के पांच अप्रैल को होने वाले समापन समारोह में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

बस्तर क्षेत्र की कला, संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने के लिए दंतेवाड़ा में कल दो अप्रैल से पांच अप्रैल तक बस्तर पंडुम महोत्सव के तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह चार अप्रैल की रात्रि रायपुर पहुंचेंगे। वे पांच अप्रैल की सुबह दंतेवाड़ा जाएंगे। वे मां दंतेश्वरी के दर्शन करने के बाद बस्तर पंडुम के समापन समारोह में शामिल होंगे।

अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री बस्तर के स्थानीय जनप्रतिनधियों, सुरक्षा बलों के कमांडरों और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद वे रायपुर लौटकर प्रशासनिक बैठक लेंगे।

बस्तर पंडुम के तहत तीन अप्रैल को कवि डॉक्टर कुमार विश्वास "बस्तर के राम" कथा का वाचन करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने "बस्तर पंडुम को बस्तर की आत्मा से जुड़ा एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण बताया है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ''बस्तर पण्डुम'' और "बस्तर के राम" जैसे आयोजन बस्तर क्षेत्र के लिए एक सांस्कृतिक सेतु की तरह कार्य करेंगे।

**<u>केन्द्रीय गृहमंत्री–नक्सलवाद</u>**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि माओवाद के खिलाफ लगातार कार्रवाई के कारण देश में वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या बारह से घटकर छह हो गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के चार ज़िले – बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा के अलावा झारखंड का एक और महाराष्ट्र का एक ज़िला शामिल है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में गृहमंत्री ने कहा कि सरकार नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रही है। श्री शाह ने कहा कि माओवाद विरोधी नीतियों के कारण आंशिक माओवाद प्रभावित जिलों की संख्या भी सत्रह से घटकर छह रह गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा, गरियाबंद और मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले शामिल हैं। श्री शाह ने कहा कि सरकार इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## उपमुख्यमंत्री–नक्सल पुनर्वास नीति

माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी शांति स्थापित करने और आत्मसमर्पित माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण–पीड़ित राहत पुनर्वास नीति–दो हजार पच्चीस लागू की है। इस नीति में आत्मसमर्पित माओवादियों के साथ ही नक्सल हिंसा से पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास का प्रावधान है।

उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार की इस नीति का मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भय और असुरक्षा के माहौल को समाप्त कर वहाँ के नागरिकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एक भी गोली नहीं चलाना चाहती, न ही केन्द्र सरकार और राज्य सरकार हिंसा को बढ़ावा देना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि नक्सली मुख्यधारा में लौटे और समाज के साथ सकारात्मक योगदान दें।

## पेट्रोल–कीमत

राज्य सरकार द्वारा लिए गए दो महत्वपूर्ण निर्णय आज एक अप्रैल से लागू हो गए हैं। राज्य सरकार ने आज से पेट्रोल पर वैट की राशि में एक रूपए प्रतिलीटर की कटौती की है। इसके कारण राज्य में आज से पेट्रोल एक रूपए सस्ता हो गया है।

इसके अलावा राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के भीतर माल परिवहन के लिए अनिवार्य ई–वे बिल की सीमा पचास हजार रूपए से बढ़ाकर एक लाख रूपए कर दी है। इस तरह से व्यापारियों को अब एक लाख रूपए तक के मूल्य के सामानों के परिवहन में ई–वे बिल की आवश्यकता नहीं होगी।

## राज्यपाल–बैठक

राज्यपाल रमेन डेका ने आज दुर्ग जिले के प्रवास के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों पर ठोस दिशा–निर्देश दिए, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, जल संरक्षण और स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रयास करने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ उठा रहे हितग्राहियों से चर्चा की और उनकी आमदनी के बारे में जानकारी ली।

राज्यपाल ने हरियाली को बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जिले में अधिक से अधिक पेड़–पौधे लगाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## श्रमिक–वेतन

प्रदेश में न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन और परिवर्तनशील महंगाई भत्ते की दरें जारी कर दी गई हैं। कृषि नियोजन में कार्यरत श्रमिकों के लिए पांच रूपये प्रति बिन्दु के मान से प्रतिमाह दो सौ पन्द्रह रूपये परिवर्तशील महंगाई भत्ते में वृद्धि की गई। वहीं, पैंतालीस अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ता में प्रतिमाह दो सौ अट्ठाईस रूपये की वृद्धि की गई है।

## अहिल्यादेवी होल्कर त्रिशताब्दी

लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर त्रिशताब्दी जयंती समारोह आयोजन समिति द्वारा कल रायपुर स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने कहा हमारे देश ने समय–समय पर प्रतिकूलताओं का सामना करते हुए भी कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यह इस देश में जन्म लेने वाली महान विभूतियों, संत और समाज सुधारकों के कृतित्व का परिणाम है। लोकमाता अहिल्यादेवी राष्ट्र की ऐसी ही एक प्रेरणापुंज हैं, जिनसे वर्तमान और भावी पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के चरित्र को पढ़ने और स्मरण करने से जीवन को दिशा मिलती है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा ने कहा त्रिशताब्दी वर्ष में छत्तीसगढ़ के एक हजार एक सौ संतावन शिक्षण संस्थानों में व्याख्यानमाला, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली समेत अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें बड़ी संख्या में युवाओं और प्रबुद्धजनों की भागीदारी रही।

## विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज राज्य स्तरीय "विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट" आयोजित किया गया। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित इस राष्ट्रव्यापी पहल का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सहभागिता का मंच उपलब्ध कराना तथा राष्ट्रीय नीति–निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन खेल और युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने किया।

इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के एक सौ चालीस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल ने सर्वसम्मति से तीन प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया है। इसमें दुर्ग के दीपांशु नेताम और अंकुर पांडेय तथा सूरजपुर की आइफा खातून शामिल हैं। ये तीनों प्रतिभागी एक से तीन अप्रैल तक नई दिल्ली के संसद भवन में आयोजित होने वाले "राष्ट्रीय यूथ पार्लियामेंट" में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि वित्तमंत्री ओ. पी. चौधरी थे।

## आरक्षक–गिरफ्तार

दुर्ग पुलिस ने गांजा तस्करों से सांठगांठ करने वाले पुरानी भिलाई थाना के दो पुलिसकर्मियों और दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से एक लाख रूपए से अधिक का करीब उन्नीस किलोग्राम गांजा और चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है।

## मौसम

### और अब पेश है मौसम का हाल...

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नम हवाओं का आगमन हो रहा है। राज्य में कल से कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक दो स्थानों पर गरज–चमक के अंधड़ चलने, ओलावृष्टि होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

## छात्रावास–महिला होमगार्ड

आदिम जाति और अनुसूचित जाति विभाग के आयुक्त पी.एस. एल्मा ने कोण्डागांव जिले में संचालित आश्रम–छात्रावासों, संस्थाओं और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कन्या छात्रावासों में महिला होमगार्ड की तैनाती सुनिश्चित करने तथा पुरुष कर्मचारियों की नियुक्ति पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जहां महिला नगर सैनिक उपलब्ध नहीं हैं, वहां रात्रिकालीन सुरक्षा के लिए महिला चौकीदार की व्यवस्था की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

## समाचार संक्षेप में ...

– उत्कल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के महिला थाना चौक में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर मधुसूदन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

– तेल विपणन कंपनियों ने दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में इकतालीस रुपये की कमी की है। उन्नीस किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में यह बदलाव आज से लागू हो गया है।

– छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिडेट–सीजीएमएससी घोटाले की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने चार आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

– कोरिया जिले के बैकुंठपुर स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू के मामले की पुष्टि के बाद एक किलोमीटर की परिधि को इन्फेक्टेड जोन और एक से दस किमी की परिधि को सर्विलेंस जोन के रूप में तीन माह के लिए घोषित किया है।

– धमतरी पुलिस की रिमांड में हुई आरोपी की मौत के मामले में पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी सन्नी दुबे को लाइन अटैच कर दिया है।

– रायपुर में एक युवक की पुलिसकर्मी द्वारा की गई पिटाई के विरोध में आज भीम आर्मी ने पंडरी थाने का घेराव किया। इस बीच, रायपुर एसएसपी लाल उमेद सिंह ने घटना में शामिल आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>